Urgen

प्राचार्य का कार्यालय
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय
मुजफ्फरपुर

कार्यालय आदेश

इस चिकित्सा महाविद्यालय परिसर में सरकारी आवास में रहने वाले सभी पदाधिकारियों / कर्मचारियों (जिन्हे इस कार्यालय द्वारा अधिकृत रूप से आवास आवंटित किया गया है) को अत्यावश्यक रूप से सूचित करते हुए अंतिम रूप से स्मारित किया जाता है कि सरकारी निदेशानुसार आप सभी पदाधिकारियों / कर्मचारियों को अपना – अपना बिजली मीटर लगाना अनिवार्य है, जिसकी सूचना पूर्व में भी इस कार्यालय द्वारा निर्गत की जा चुकी है ।

विदित हो कि अधोहस्ताक्षरी ने अपने स्तर से अग्रतर कार्रवाई करते हुए बिजली विभाग से सम्पर्क कर मीटर लगाने हेतु संबंधित कार्यवाही प्रारम्भ कर दी है, जिसके अन्तर्गत आप सभी पदाधिकारी / कर्मचारी निम्नलिखित कागजातो की एक प्रति के साथ अपना – अपना आवेदन प्राचार्य कार्यालय में समर्पित कर बिजली मीटर लगाने हेतु फॉर्म श्री रंजीत कुमार, लिपिक से प्राप्त कर दिनांक – 09.12.17 तक प्राचार्य कार्यालय में अवश्य जमा कर दें, ताकि अग्रतर कार्रवाई की जा सके ।

1) ID Prof (AADHAR / PAN / VOTER CARD)
2) Photo
3) Quarter Allotment Letter
4) Job I Card
5) Mobile No. / Email ID

ज्ञात हो कि उक्त बिजली मीटर के लिए आपको कोई अतिरिक्त शुल्क (सिर्फ मीटर शुल्क–875 / – रू0, जो प्रथम माह के बिल के साथ निहित होगा) देने अथवा बिजली विभाग के कार्यालय में दौड़–भाग करने की कोई आवश्यकता नही है । वैध रूप से आवास में रहने हेतु यह अत्यन्त आवश्यक है । कृप्या इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दिया जाए ।

ह0 / –
प्राचार्य
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय
मुजफ्फरपुर

ज्ञापांकः– 2347/17 दिनांकः– 04-12-17

प्रतिलिपिः–

1) अधीक्षक / उपाधीक्षक, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

2) प्रभारी प्राध्यापक (प्र0) / Estate Officer / बरसर / ओ0एस0डी0, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ प्रेषित ।

3) कॉलेज सूचना पट्टट / अस्पताल सूचना पट्टट / आवास सूचना पट्टट ।

4) आई0टी0 सेक्शन, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ प्रेषित ।

4/12/17.
प्राचार्य
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय
मुजफ्फरपुर